# जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा-2/2017/340 दिनांक 04/04/2017

## // अधिसूचना //

सर्वसंबंधितों के सूचनार्थ यह अधिसूचित किया जाता है कि स्नातक- बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. (होम साइंस) षष्ठम सेमेस्टर परीक्षा जून-2017 (नियमित/असंस्थागत/भूतपूर्व परीक्षार्थी) (सत्र 2014-15 में प्रवेशित - एकल प्रश्न-पत्र प्रणाली के छात्रों हेतु) की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं:-

| विवरण | परीक्षा आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने वाली कक्षाओं के नाम, दिनांक एवं परीक्षा शुल्क का विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|
| | तिथि एवं शुल्क विवरण | बी.ए. | बी.कॉम. | बी.एससी./ बीएससी.(होमसाइंस) |
| परीक्षा आवेदन-पत्र नियमित शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | तिथि | 13.04.2017 | 13.04.2017 | 13.04.2017 |
| | नियमित छात्र का परीक्षा शुल्क | 1005/- | 1005/- | 1505/- |
| | असंस्थागत छात्र का परीक्षा शुल्क | 1430/- | 1430/- | 1930/- |
| | भूतपूर्व छात्र का परीक्षा शुल्क | 1305/- | 1305/- | 1805/- |
| परीक्षा आवेदन-पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 500/- के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | तिथि | 18.04.2017 | 18.04.2017 | 18.04.2017 |
| परीक्षा आवेदन-पत्र विशेष विलम्ब शुल्क रूपये 2000/- के साथ महाविद्यालय में प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | परीक्षा प्रारम्भ होने के 03 दिवस पूर्व तक | | | |
| परीक्षा आवेदन-पत्र विलम्ब शुल्क रूपये 2000/- के साथ महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत परीक्षा आवदेन पत्र अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि | परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 दिवस पूर्व तक | | | |
| एम0पी0आनलाईन की जी2जी आईडी से परीक्षा शुल्क जमा किये जाने के पश्चात् परीक्षा आवदेन पत्र की एक कॉपी प्रिन्ट आउट निकाल कर महाविद्यालय द्वारा जांचोपरांत अग्रेषित कर विश्वविद्यालय कार्यालय में भेजने की अंतिम तिथि | 21.04.2017 | | | |

**उपरोक्त शुल्क के अतिरिक्त परीक्षाआवेदनपत्र शुल्क नियमित परीक्षार्थी 60/- रू. भूतपूर्व परीक्षार्थी 80/- रू. एवं परीक्षा संचालन शुल्क तथा अग्रेषण शुल्क 160/- रू. प्रति परीक्षार्थी लिया जाना है। यह राशि परीक्षा शुल्क के साथ जोड़कर परीक्षार्थी द्वारा ऑनलाईन जमा की जावेगी तथा अग्रेषण शुल्क की राशि 40/- रू. प्रति छात्र महाविद्यालय में जमा करायी जावेगी।**

| |
|---|
| |
| * ऐसे परीक्षार्थी, जिन्होंने बी.ए. की कक्षाओं में प्रायोगिक विषय लिया है, ऐसे छात्र-छात्राओं को प्रायोगिक शुल्क के रूप में 400/- की अतिरिक्त राशि जमा करनी होगी। |

विशेष दिशा-निर्देशः-

1. परीक्षा आवेदन पत्र से सम्बंधित समस्त जानकारी एम0पी0ऑनलाईन की जी2जी आईडी पर उपलब्ध करा दी गई है। निम्नलिखित दिये गये निर्देशों के माध्यम से परीक्षा आवदेन पत्र Approved किये जा सकेंगें। इसके पश्चात् छात्र द्वारा अपने पूर्व के सेमेस्टर में प्राप्त अनुक्रमांक (रोल नम्बर) के माध्यम से एम0पी0आनलाईन के किसी भी कियोस्क के माध्यम से शुल्क जमा किया जा सकेगा।

2. सर्वप्रथम महाविद्यालय के द्वारा जी2जी आईडी में दिये गये Exam Form Approval Link (Sixth Semester) से छात्र को Branch Select कर उस छात्र को Approved करेगें। जिससे छात्रों द्वारा पूर्व में ली गई Branch ही प्रदान की जा सके। यदि त्रुटिवश महाविद्यालय द्वारा छात्र को गलत Branch उपलब्ध कराई जाती है तो Cancel Unpaid Exam Form Link के माध्यम से Branch Cancel कर पुनः नवीन Branch प्रदान की जा सकती है। उक्त कार्य करते समय यह ध्यान अवश्य रखें की किसी भी स्थिति में छात्र को गलत Branch प्रदान ना की जाये यदि ऐसा किया जाता है तो उस स्थिति में सम्पूर्ण दायित्व महाविद्यालय एवं महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।

3. यदि किसी स्थिति में छात्र द्वारा गलत ग्रुप में परीक्षा आवेदन पत्र भर दिया जाता है, तब महाविद्यालय द्वारा Edit Paper Link के माध्यम से सही ग्रुप प्रदान किया जा सकता है।

4. यदि किसी छात्र का नाम महाविद्यालय की आईडी पर प्रदर्शित ना हो रहा हो उस स्थिति में छात्र की पिछली अंकसूची के साथ विश्वविद्यालय के सम्बंधित विभाग में परीक्षा तिथि समाप्त होने से पूर्व सम्पर्क करें।

5. परीक्षा आवदेन पत्र भरते समय छात्र को अपनी पुरानी प्रथम से पंचम सेमेस्टर में प्राप्त अंको की जानकारी को अवश्यक रूप से परीक्षा आवेदन पत्र में भरें। जिससे परीक्षा परिणाम घोषित होने उपरांत छात्र को परेशानी का सामना ना करना पड़े। इसके साथ ही यदि छात्र द्वारा गलत जानकारी भरी जाती है तो उक्त त्रुटि हेतु छात्र स्वयं जिम्मेदार होगें।

6. आवेदन पत्र जमा करने के पूर्व महाविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि छात्र द्वारा पूर्व की परीक्षाओं की अंकसूची परीक्षा फार्म के साथ संलग्न की गई है या नहीं अंकसूची संलग्न ना होने की दशा में आवदेन पत्र विश्वविद्यालय में स्वीकार नहीं किया जावेगा।

7. समस्त प्राचार्यगण परीक्षा आवेदन-पत्रों को अग्रेषित करते समय यह अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर लें कि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित विषय-समूहों के अनुसार ही छात्र द्वारा परीक्षा आवेदन-पत्र में विषय दर्शाये गये हैं अथवा नहीं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी विषय-समूह के अनुसार परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन-पत्र ऑनलाइन अपडेट करें।

8. महाविद्यालय के प्राचार्य/कम्प्यूटर प्रभारी परीक्षा आवेदन-पत्र ऑनलाइन Approved करते समय यह अवश्य ध्यान रखें कि परीक्षार्थी का नाम/ पिता का नाम/माता का नाम हाईस्कूल अंकसूची के आधार पर सही-सहीं दर्शाये गये है या नहीं ? प्रायः देखने में आ रहा है कि परीक्षार्थियों के नाम/पिता का नाम/माता का नाम में स्पेलिंग संबंधी त्रुटियां रह जाती है, इस कारण परीक्षार्थी को अंकसूची में संशोधन कराना पड़ता है। यदि परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन-पत्र में स्पेलिंग संबंधी त्रुटि पायी जाती है तो ऐसी स्थिति में महाविद्यालय को दी जाने वाली अग्रेशण षुल्क की राषि नहीं दी जायेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य/अग्रेषणकर्त्ता की होगी।

सर्वसंबंधित के सूचनार्थ प्रसारित।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. संपादक महोदय, दैनिक ...................................................................... की ओर भेजकर निवेदन है कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार-पत्र में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. श्रीमान् आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल की ओर सचू नार्थ।
3. समस्त प्राचार्य, सम्बद्ध महाविद्यालय, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर की ओर आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. उप/सहायक-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
5. वित्ताधिकारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
6. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
7. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
8. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
9. इंचार्ज इन्टरनेट प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
10. पूछताछ कक्ष, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
11. इंचार्ज संबंधित कक्षा के प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

सहा0/उप-कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)